भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2265

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

गया, बिहार में आयुष अस्पताल

2265. श्री अभय कुमार सिन्हा:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 2026-27 के दौरान गया सहित सात जिलों में 50 बिस्तरों वाले आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए बिहार सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) बिहार के गया जिले में प्रस्तावित 50 बिस्तरों वाले आयुष अस्पताल के निर्माण के लिए स्वीकृत वित्तीय सहायता, प्रशासनिक अनुमोदन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है और सरकार द्वारा प्रस्तावित 50 बिस्तरों वाले आयुष अस्पताल के निर्माण की अनंतिम समय-सीमा क्या है;

(घ) क्या राष्ट्रीय आयुष मिशन अथवा किसी अन्य योजना के अंतर्गत औरंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के औरंगाबाद जिले में 50 बिस्तरों वाला आयुष अस्पताल, आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्र या अन्य आयुष स्वास्थ्य अवसंरचना स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान बिहार में विशेषकर मगध क्षेत्र में आयुष स्वास्थ्य अवसंरचना के विकास के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत और जारी की गई निधियों का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत, आयुष मंत्रालय को अब तक बिहार राज्य सरकार से वर्ष 2026-27 के लिए राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) प्राप्त नहीं हुई है।

(ख) और (ग): प्रश्न नहीं उठता।

(घ): एनएएम के अंतर्गत, एसएएपी के माध्यम से राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार, औरंगाबाद जिले में संचालन के लिए आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों की 16 इकाइयों को अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के रूप में पुनर्नामित किया गया है।

(ङ): एनएएम के तहत, मगध क्षेत्र सहित बिहार में एसएएपी की विभिन्न गतिविधियों के कार्यान्वयन हेतु पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्य सरकार को केंद्रीय हिस्से के रूप में 1383.343 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत/जारी की गई है। जारी की गई राशि का वर्ष-वार ब्योरा **संलग्नक** पर दिया गया है। तथापि, एनएएम के अंतर्गत जिला-वार धनराशि जारी करने का कोई प्रावधान नहीं है। इसके अलावा, जहां तक चालू वर्ष का संबंध है, एसएएपी राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुआ है।

*****

संलग्नक

एनएएम के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान, बिहार राज्य को जारी की गई धनराशि

वित्तीय वर्ष	**केंद्रीय हिस्से के रूप में जारी की गई धनराशि (लाख रुपये में)**
2023-24	1161.060
2024-25	0.000
2025-26	222.283
कुल	**1383.343**